दिनांक 02 अगस्त 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निगम भिलाई क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया हरेली तिहार

भिलाईनगर/छ0ग0 शासन के निर्देश पर नगर पालिक निगम , भिलाई ने हरेली तिहार पर्व को बड़े ही धूमधाम के साथ भारी जनसमुह के बीच मनाया। उत्सव का मुख्य कार्यक्रम सामुदायिक भवन मैदान खुर्सीपार , एवं दशहरा मैदान रिसाली में आयोजित किया गया जहां महिला, पुरुष एवं बच्चों गेड़ी , फुगड़ी, खो- खो, रस्सा खींच, कुर्सी दौड़, कबड्डी खेल में भाग लेकर पुरस्कार प्राप्त किये। कार्यक्रम स्थल पर महिला स्व-सहायता समुह एवं आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता द्वारा लगाये गये छत्तीसगढ़ी व्यंजन के स्टाल में उपस्थित जन समुह ने ठेठरी , खुरमी, अनर्सा, फरा, चीला, चौसेला आदि व्यंजनों का लुप्त उठाया। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें धरती के श्रृंगार राजनांदगांव एवं चंदेनी चंदा द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ी नृत्य, गीत एवं प्रहशन का लोगों ने खुब प्रशंसा की।

नगर पालिक निगम द्वारा छत्तीसगढ़ का प्रथम त्योहार हरेली निगम क्षेत्र के दो स्थानों पर बड़े हर्षोल्लास के मनाया गया। कार्यक्रम स्थल में गेड़ी , फुगड़ी, खो- खो, कबड्डी, कुर्सी दौड़ रस्सा खींच जैसे पारंपरिक खेलों में शामिल होने क्षेत्र के लोगों में जबरदस्त उत्साह नजर आया। हरेली त्योहार में शासकीय अवकाश होने की वजह से महिलाओं और बच्चों की भारी भीड़ रही। सामुदायिक भवन मैदान खुर्सीपार में आयोजित कार्यक्रम में भिलाई नगर विधायक एवं महापौर देवेन्द्र यादव, सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव ने मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित कर गेड़ी, रापा, कुदारी की पूजा कर कार्यक्रम प्रारम्भ किये खेल के प्रति बच्चों में रुझान पैदा करने के लिए देवेन्द्र यादव कबड्डी के खेलने के लिए मैदान में उतरे और लगातार 45 मिनट तक कबड्डी, गेड़ी एवं कुर्सी दौड़ खेल में भाग लिये। महापौर देवेन्द्र यादव ने रिसाली दशहरा मैदान में महिलाओं के द्वारा लगाए गए छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के स्टॉल में ठेठरी, खुरमी, चीला और फरा का आनंद उठाया।

जनसम्पर्क अधिकारी